


# बाइंडिंग फुट

## इस ट्यूटोरियल में आप उषा जेनोम बाइंडिंग फुट का उपयोग करना सीखेंगे।




जब आपको एक आसान स्टेप में बायस टेप को कुशलतापूर्वक और जल्दी से जोड़ना हो तब यह फुट बहुत महत्वपूर्ण साबित होता है । यह वह फुट है... आप देख सकते हैं कि यह कितना जटिल दिखता है... यह वाकई में कुछ जटिल फोल्डिंग और सिलाई करता है - इसकी अंतर्निहित फ़नल फोल्ड होती है और बाइंडिंग सुई तक पहुंचे इससे पहले उसे कपड़े की धार पर गाइड करती है। आप विभिन्न प्रकारों का उपयोग कर सकते हैं - स्ट्रैट स्टीच, ज़िगज़ैग या यहां तक कि सजावटी टांके भी। इस लेसन के लिए आपको ज़रूरत होगी: उषा जेनोम बाइंडिंग फुट, कपड़े का 8 x 8 इंच का टुकड़ा, 1 इंच चौड़ा बायस टेप और धागा।

सुनिश्चित करें कि आपने बायस टेप के किनारों को 45 डिग्री के कोण पर काटा है। अब यह बाइंडिंग फुट है - बाइंडिंग फुट के इस हिस्से को देखें - यह फ़नल है, जहां बायस टेप को डाला जाता है। बायस टेप की चौड़ाई दो किनारों के बीच की चौड़ाई के बराबर होनी चाहिए, इसकी तरह, तो अब आपको पता चला कि किनारे को 45 डिग्री के कोण पर काटना इतना महत्वपूर्ण क्यों है - यह टेप को फ़नल में आसानी से ले जाने में मदद करता है।
यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो बायस टेप को दाखिल करे और उसकी चौड़ाई जांचें। नार्मल प्रेशर फुट को बदले और बाइंडिंग फुट पर स्नेप करे।










बायस टेप को फुट के नीचे रखें और इसे नीचे करें। टेप पर एक सिंपल स्टीच करें और ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार थोड़ा सा धागा लेने के लिए खींचें - धागे को छोड़कर काट ले। अब मशीन में से टेप निकाल दें। जैसे कि आप यहाँ देख सकते है धागे को यहां डालें, बायस टेप को फ़नल के अंदर रखने में सहायता हो इस तरह इसे धीरे से खींच ले।

एक बार जब बायस टेप फ़नल के अंदर सेट हो जाए फिर कपड़े को खांचे में रखें... यहाँ रखे... देखें कि यह कैसे हो रहा है... इस तरह सुनिश्चित करें कि कपडा खांचे में स्थिर रहता है। इसके सामने बायस टेप को पकडे। पैटर्न सिलेक्टर डायल को A पर, और स्टीच लेंथ को 2.5 पर सेट करे। आप बायस टेप को लगातार कपडे के सामने पकड़ के रखते है यह सुनिश्चित करते हुए धीरे-धीरे सिलना शुरू करे। जैसे-जैसे आप खांचे के साथ सिलते जाए वैसे कपड़े को गाइड करें और टेप को फ़नल के साथ गाइड करे। आप आवश्यक सम्पूर्णता तक पहुंचे तब तक आपको अधिक से अधिक बेहतर बनने के लिए प्रैक्टिस करते रहना होगा। बायस टेप के अंत तक सिलाई करने के बाद, कपड़े को हटा ले और धागे को काट लें। बायस टेप के दोनों सिरों पर के अतिरिक्त बिट्स को भी काट ले।

आपका बाइंडिंग तैयार है, और वह भी बस चुटकी में। और देखें कि यह कितने अच्छे से हुआ है। बाइंडिंग आम तौर पर क्विल्टर्स के साथ एक ज्यादा इस्तेमाल होता है क्योंकि ज्यादातर इसी जगह इसकी सबसे अधिक आवश्यकता होती है, लेकिन आप इसे कहीं भी उपयोग कर सकते हैं, जहां कपड़े के किनारों को फटने से बचाने की ज़रूरत होती है। जहाँ पर भी आपको ऐसा लगे कि यह दिखावट को सँवार सकता है वहाँ इसका उपयोग करने से रुके नहीं - आपको नापसंद हो ऐसे किनारे को ढंके, एक्सेसरीज, ड्रेस और अन्य बहुत सारी चीज़ो को सुशोभित करें।इस फुट के साथ आप चीज़ो के रूप को कितनी आसानी से बदल सकते है यह जानकर आप आश्चर्यचकित होंगे और जल्द ही आप इसके प्रशंसक भी बन जाएंगे!